सैफ की फिल्म जवानी जानेमन में काम नहीं कर रही हैं सारा अली खान

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

बॉलिवुड ऐक्टर सैफ अली खान अपनी अगली फिल्म जवानी दीवानी को प्रड्यूस करने जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि सैफ के पुराने दोस्त जय शेवक्रमानी इस फिल्म को को-प्रड्यूस करेंगे। नितिन कक्कड़ के डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म से पूजा बेदी की बेटी आलिया फर्नीचरवाला बॉलिवुड में डेब्यू करने जा रही हैं।

ऐसा कहा जा रहा है कि फिल्म में सैफ, आलिया के पिता का रोल अदा करेंगे। हालांकि पहले ऐसी खबरें भी थीं कि इस फिल्म में सैफ की बेटी सारा अली खान को लिया जाएगा लेकिन अब सैफ ने इन खबरों से इनकार कर दिया है। हालांकि सैफ ने कहा कि उन्हें अच्छा लगता अगर सारा इस रोल को करतीं। सैफ ने यह भी बताया कि इस फिल्म को करने के लिए सारा को अपनी दूसरी फिल्मों को छोड़ना पड़ता। सारा के अभी तक के बॉलिवुड सफर से सैफ काफी खुश हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जवानी जानेमन के लिए आलिया फर्नीचरवाला परफेक्ट चॉइस हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो सैफ की पिछली फिल्म बाजार रिलीज हुई थी जिसमें उनके रोल की काफी तारीफ की गई थी। इस समय सैफ, अजय देवगन के साथ तानाजी: द अनसंग वॉरियर में काम कर रहे हैं जिसमें उनका नेगेटिव रोल होगा।

परमवीर चक्र विजेता अरुण खेत्रपाल के किरदार में दिखेंगे वरुण धवन?

ऐक्टर वरुण धवन इस समय अपनी अगली फिल्म कलंक के रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ आलिया भट्ट, संजय दत्त, माधुरी दीक्षित, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर दिखाई देंगे। अब खबर आ रही है कि वरुण को एक फिल्म ऑफर की गई है जिसमें उन्हें देश के सबसे यंग परमवीर चक्र विजेता शहीद अरुण खेत्रपाल का किरदार निभाना है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म का डायरेक्शन श्रीराम राघवन करेंगे जिन्होंने वरुण के साथ इससे पहले बदलापुर जैसी सुपरहिट फिल्म बनाई थी। अरुण खेत्रपाल ने साल 1971 की भारत-पाकिस्तान जंग में अपनी बहादुरी दिखाई थी और दुश्मन के दांत खट्टे कर दिए थे। बताया जा रहा है कि इस फिल्म का नाम इक्कीस होगा और अभी राघवन इसकी स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म को दिनेश विजान प्रड्यूस करेंगे। इस बीच बता दें कि कलंक के रिलीज होने के बाद वरुण की डान्स फिल्म स्ट्रीट डांसर 3डी रिलीज होगी जिसे रेमो डिसूजा डायरेक्ट कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ श्रद्धा कपूर नजर आएंगी। इसके अलावा वरुण धवन 1095 की सुपरहिट कॉमिडी फिल्म कुली नं 1 के रीमेक में भी दिखाई देंगे।

कलंक के नए गाने में होंगी कृति सेनन, शेयर किया टीजर

धर्मा प्रॉडक्शन की मल्टीस्टारर फिल्म कलंक इन दिनों काफी चर्चा में है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही फैन्स इस फिल्म का पर्दे पर आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। करण जौहर की यह फिल्म पीरियड ड्रामा है और अब तक अच्छी खासी चर्चा बटोर चुकी है। अब तक फिल्म के जितने भी गाने रिलीज हुए हैं उन्हें दर्शकों ने खूब पसंद किया है।

अब शनिवार को इसका एक नया गाना रिलीज होने वाला है जिसमें कृति सेनन नजर आएंगी। कृति सेनन ने अपने इंस्टाग्राम पर गाने का टीजर शेयर किया है। कृति सेनन के साथ ही इस गाने में वरुण धवन और आदित्य रॉय कपूर भी नजर आएंगे। हाल ही में फिल्म का गाना तबाह रिलीज किया गया था जिसमें माधुरी दीक्षित की परफॉर्मेंस ने महफिल लूट ली थी। देखिए, शनिवार को रिलीज होने वाले गाने ऐरा गैरा की एक झलक। बता दें कि कलंक में वरुण धवन, आलिया भट्ट, माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, आदित्य रॉय कपूर, सोनाक्षी सिन्हा और कुणाल खेमू नजर आएंगे। यह फिल्म 17 अप्रैल को रिलीज होगी।

तमिल फिल्म मर्सल के रीमेक में होंगे शाहरुख खान?

इसमें कोई शक नहीं है कि ऐक्टर शाहरुख खान बॉलिवुड के सबसे बड़े स्टार्स में से एक हैं जिनकी दुनियाभर में काफी फैन फॉलोइंग है। किंग ऑफ रोमांस के नाम से मशहूर शाहरुख अपने रोल में पर्फेक्शन के लिए कोई कसर बाकी नहीं रखते हैं। शाहरुख इन दिनों अपने आने वाले प्रॉजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में हैं जिनका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में ऐक्टर की चेन्नई में हुए मैच से कुछ तस्वीरें सामने आईं जिसमें वह साउथ डायरेक्टर ऐटली के साथ दिखे।

ऐटली ने 2017 में आई तमिल फिल्म मर्सल का डायरेक्शन किया था जिसमें सुपरस्टार विजय अहम रोल में थे। उसके बाद से ही इस बात की काफी चर्चा थी कि शाहरुख फिल्म के रीमेक में काम कर सकते हैं। बता दें, मर्सल एक ऐक्शन थ्रिलर फिल्म थी जिसे दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला था। बात करें शाहरुख की तो वह आखिरी बार डायरेक्टर आनंद एल राय की फिल्म जीरो में अनुष्का शर्मा और कटरीना कैफ के साथ नजर आए थे।